रंगमहल चौराहा

हबीवगंज स्टेशन रोड

मैदा मिल रोड

चलना जरा संभल के ...सड़कें गड्ढों में तब्दील

तीन दिन की लगातार बारिश ने खोली गुणवत्ता की पोल

सड़कें खराब होने से शहर में यातायात भी हो रहा है जाम

विजय शर्मा/प्रांजुल पाण्डेय

भोपाल, 13 अगस्त. बारिश से शहर की अधिकतर सड़कें बदहाल हो गईं. मुख्य और अन्य सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं. डामर उखड़ गया है. इन गड्ढों के कारण हादसों की आशंका बनी रही है. निगम और पीडब्ल्यूडी ने बारिश से दो दिन पहले तक पैचवर्क करवाया था, वह सब बारिश में धुल गया. सड़कें खराब होने से कहीं जाने में जहां 10 मिनट लगते थे, अब आधा घंटा लग रहा है. वहीं शहर कुछ प्रमुख मागों पर यातायात जाम हो रहा है. शाम के समय यातायात जाम की समस्या ज्यादा होती है. कुछ क्षेत्रों में मार्ग परिवर्तन भी किया गया है.

इन इलाकों मे हुईं सड़कें खराब

लालघाटी से बैरागढ़, सिंधी कॉलोनी, भाजपा कार्यालय क्षेत्र, ई-4 अरेरा कॉलोनी, अंबेडकर फ्लाईओवर, आयकर भवन, न्यू मार्केट-जवाहर चौक और डिपो चौराहा-भदभदा, लिंक रोड 1, 2, 3, अशोका गार्डन थाना सेमरा, ऐशबाग स्टेडियम के सामने, अशोका गार्डन नवाब होटल-सेमरा जोड़ और करोंद हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र , शाहपुरा, त्रिलंगा, शैतान सिंह चौराहा, फाइव नंबर स्टॉप और 100 क्वार्टर में सड़कें उखड़ गईं और गड्ढे हो गए हैं . वहीं नए शहर के कई हिस्सों में पीडब्ल्यूडी और नगर निगम द्वारा अमृत 2 योजना के तहत सीवेज पाइपलाइन के कार्य चल रहे थे, जो बारिश की शुरुआत होने से पहले ही रोक दिए गए . लेकिन जहां सीवेज का कार्य अधूरा है या सीवेज का कार्य तो हो चुका है लेकिन उस जगह पर मरम्मत का कार्य नहीं किए जाने से बारिश से कीचड़ . में तब्दील हो चुका है . जिससे वहां से निकलने वाले दोपहिया वाहन फिसल रहे हैं . शाहपुरा निवासी आरके शर्मा के मुताबिक बारिश के मौसम में एक साथ सड़क निर्माण, सीवरेज और पाइपलाइन के काम से लोगों की परेशानी बढ़ गई है .

लिंक रोड 3

नगर निगम ने किए पैचवर्क के लिए 8 करोड़ मंजूर

निगम ने बारिश के दौरान शहर की उखड़ी सड़कों पर तत्काल पैचवर्क के लिए 8 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं . बारिश के दौरान बड़े गड्ढे भरे जाएंगे ताकि यातायात सुचारू हो सके . इसके बाद 15 अगस्त से सर्वे, सितंबर में खराब सड़कों की पहचान और नवंबर से स्थायी सुधार की योजना है . यानी पहले गड्ढे भरने पर और बाद में स्थायी सुधार करने के लिए करोड़ों रुपए फिर खर्च किए जाएंगे .

हर साल होते हैं करोड़ों रुपए खर्च

भोपाल में नगर निगम, लोक निर्माण विभाग और अन्य एजेंसियों के माध्यम से सड़क निर्माण, मरम्मत और रखरखाव पर हर साल करीब 150 से 200 करोड़ रुपए खर्च होते हैं . इसके बावजूद सड़कें खराब होने से उनकी गुणवत्ता और निगरानी पर सवाल उठ रहे हैं . 2026-27 में नगर निगम ने सड़क सुधार और मरम्मत के लिए 30 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है . 85 वार्डों की वार्ड नियोजन निधि के रूप में 42.5 करोड़ रुपए और दुर्घटना संभावित स्थानों तथा सड़क पुनर्गठन के लिए 6 .9 करोड़ रुपए अलग रखे गए हैं .

अफसरों का कहना है

बारिश के दौरान खराब हुईं सड़कों की स्थायी मरम्मत करना उचित नहीं है . स्थायी काम बारिश के बाद सितंबर के अंत से शुरू किया जाना प्रस्तावित है .

संस्कृति जैन,
आयुक्त, नगर निगम

विभाग अपने अधीन सड़कों की नियमित निगरानी और प्री-मानसून पैचवर्क करता है . सड़कों की मरम्मत की जाएगी .

एचएस जायसवाल,
कार्यपालन यंत्री संभाग 1 पीडब्ल्यूडी

विशेषज्ञों ने कहा- नहीं है विभागीय समन्वय

पूर्व पीडब्ल्यूडी मुख्य अभियंता वीके अमर ने खराब अंतर-विभागीय समन्वय और कार्य निष्पादन को सड़कों की बदहाली का कारण बताया. वहीं मैनिट के प्रोफेसर सिद्धार्थ रोकड़े ने खराब योजना, कमजोर प्री-मानसून रखरखाव और जल निकासी व्यवस्था को प्रमुख वजह माना है.

शत्रु संपत्ति के मामले में ईओडब्ल्यू को साक्ष्य सौंपे

समाजसेवी अग्निहोत्री ने की है शिकायत

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 13 अगस्त. शत्रु संपत्ति के मामले में बुधवार को समाजसेवी और याचिकाकर्ता अमिताभ अग्निहोत्रीं ने अपने अधिवक्ता के साथ ईओडब्ल्यू में सभी दस्तावेज सौंप दिए हैं. इसके लिए ईओडब्ल्यू ने उन्हें उपस्थित होने को कहा था.

अग्निहोत्री ने भोपाल के तत्कालीन नवाब की दूसरी पत्नी आफताब जहां बेगम (पाकिस्तानी निवासी) द्वारा भोपाल में बेची गई संपत्तियों की जांच के लिए ईओडब्ल्यू शिकायत की थी. उन्होंने पूर्व में प्रधानमंत्री को भी ज्ञापन दिया गया था. उसी ज्ञापन के आधार पर प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा तथ्यों को गंभीरता से लेते हुए इस शिकायत को प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा पंजीकृत करते हुए जांच के लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधिकारी डीएस कूर्ड को भेजा है.

तर्क एवं सुझाव प्रस्तुत किये

कस्टोडियन विभाग भारत शासन, मुंबई के पत्र क्रमांक-1423, दिनांक 21 दिसंबर 2021 में भोपाल कलेक्टर को लिखित पत्र में उल्लेख किया कि भोपाल नवाब की चल-अचल संपत्ति को शत्रु संपत्ति घोषित कर घोषित हो चुकी संपत्तियों को 'कस्टोडियन एनीमी प्रॉपर्टी' में दर्ज किया जावे एवं विचाराधीन एवं जांच में प्रचलित संपत्तियों कस्टोडियन भाग की अनुमति के बिना बिक्री की परमिशन नहीं दी जाए .29 अप्रैल 1949 को हस्ताक्षरित नक्शे की मूल प्रति की मांग सैफ अली खान, शर्मिला टैगोर से की जाए .

कोलार से निकलेगी आज तिरंगा यात्रा

भोपाल. सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक संस्था कर्मश्री द्वारा शुक्रवार को अखंड भारत स्मृति दिवस के अवसर पर विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है. ट्रैफिक पुलिस ने इस दौरान मार्ग परिवर्तन के निर्देश जारी किए हैं. 10 बजे यात्रा का आयोजन डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी नगर कोलार से संत हिरदाराम नगर तक किया जाएगा. यात्रा कोलार के मदर टेरेसा स्कूल के सामने से प्रारंभ होकर, डी-मार्ट चौराहा, ललिता नगर, कोलार थाना, बीएमके कुंज, नयापुरा, कृषि उपज मंडी भैंसाखेड़ी पर समाप्त होगी.

मैनिट की छात्रा को ट्रैक्टर ने कुचला, मौत

- स्कूटी पर दोस्त के साथ जा रही थी छात्रा
- टक्कर के बाद ट्रैक्टर कर चालक हो गया फरार

नवभारत न्यूज

भोपाल, 13 अगस्त. कोलार में गुरुवार सुबह ट्रैक्टर की टक्कर से मैनिट की 20 वर्षीय इंजीनियरिंग छात्रा की मौत हो गई. हादसे में स्कूटी पर उसके साथ सवार कॉलेज का दोस्त भी घायल हुआ है.

हादसा दानिशकुंज रोड स्थित जैन मंदिर के पास सुबह करीब 11:45 बजे हुआ. टक्कर के बाद



ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया. पुलिस के अनुसार मूलरूप से इंदौर निवासी सुशांत द्विवेदी (20), पिता ऊषाकांत द्विवेदी, मैनिट में इंजीनियरिंग तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रही थी. वह संस्थान के छात्रावास में रह रही थी. गुरुवार सुबह वह अपने कॉलेज के दोस्त अभिषेक के साथ स्कूटी से कोलार आई थी.

दोनों दानिशकुंज रोड पर जैन मंदिर के पास पहुंचे ही थे, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आए ट्रैक्टर ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी . टक्कर लगते ही दोनों स्कूटी समेत सड़क पर गिर गए और ट्रैक्टर की चपेट में आ गए . हादसे में दोनों को गंभीर चोटें आईं . सूचना मिलते ही उन्हें तत्काल निजी अस्पताल पहुंचाया गया . डॉक्टरों ने छात्रा को बचाने का प्रयास किया, लेकिन शाम करीब सात बजे इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया .

जेल प्रहरी की पिटाई कर हथकड़ी सहित बंदी फरार

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 13 अगस्त. हमीदिया अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया एक बंदी गुरुवार को हथकड़ी सहित फरार हो गया. आरोप है कि बंदी ने ड्यूटी पर तैनात एक जेल प्रहरी की पिटाई कर दी. इसके बाद वह तेजी से दौड़ते हुए अस्पताल परिसर से बाहर निकल गया.

कोहेफिजा थाना पुलिस और जेल प्रबंधन की टीम अब फरार बंदी की तलाश में जुटी है. बंदी का अस्पताल से भागते हुए सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है. बंदी की पहचान सोहेल खान के रुप में की गई है. सोहेल को धारा 151 के तहत एसीपी टीटी नगर ने जेल भेजा. जेल में उसका अन्य बंदियों के साथ किया जाने वाला व्यवहार भी आसामन्य दिखा. सोहेल के मनोरोगी होने का अंदेशा होने पर उसे उपचार के लिए सुबह के समय हमीदिया अस्पताल लाया गया. सोहेल को अन्य मरीजों की तरह ही अस्पताल में लाइन में पहले लगाया गया. मौका पाकर इसके बाद आरोपी अस्पताल से भाग निकला.

भोपाल हॉस्पिटल पर 50 हजार जुर्माना

भोपाल . नगर निगम ने बॉयो मेडिकल वेस्ट मिक्स को लेकर गुरुवार को कार्रवाई की . जिसके तहत स्नेह नगर स्थित बीएचआरसी अस्पताल पर 50 हजार रुपये का जुर्माना किया . इसके अलावा रत्नागिरी स्थित डेंटल क्लीनिक से भी 20 हजार रुपये की राशि जुर्माने के रूप में वसूल की . यह कार्रवाई शहर में मेडिकल वेस्ट को खुले में फेंकने का लेकर की गई .

अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 13 अगस्त. लंबे समय बाद नगर निगम ने बड़े तालाब के फुल टैंक लेबल के 50 मीटर के अंदर आने वाले अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चला दिया. खानूगांव क्षेत्र में शकील खान द्वारा किए गए अवैध निर्माण को हटाया.

इसके अलावा औरा माल के एलिवेशन स्वरूप में किए जा रहे निर्माण कार्य को रुकवाया. अयोध्या बायपास रोड स्थित इंडस मुस्कान कॉलोनी में अवैध रूप से किए जा रहे निर्माण एवं स्थल पर किए गए अतिक्रमण के साथ ही सड़क क्षेत्र के अतिक्रमण को हटाया. खेजड़ा बरामद क्षेत्र में

लगभग 2.3 एकड़ भूमि पर सवाई सिंह राजपूत तथा संतोष मीणा द्वारा बिना टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की स्वीकृति बिना तथा नगर निगम से विकास अनुमति प्राप्त किए बिना विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी के अवैध निर्माण को ध्वस्त किया.

पीएम से पहले किया हत्या का केस दर्ज

- अज्ञात युवक के सिर और धड़ अलग-अलग मिले थे
- अधिकारियों ने थाना प्रभारी को लगाई फटकार

भोपाल, 13 अगस्त. भेल गेट नंबर-8 के पास त्रिवेणी गर्ल्स हॉस्टल के सामने झाड़ियों में सिर और धड़ अलग मिले युवक के शव के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने से पहले हत्या का मुकदमा दर्ज करना गोविंदपुरा थाना प्रभारी को भारी पड़ गया.

घटना के दिन ही हत्या का प्रकरण दर्ज करने पर अधिकारियों ने नाराजगी जताई है. अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) शैलेन्द्र सिंह चौहान ने गुरुवार को थाना प्रभारी अवधेश तोमर को फोन कर मामले की जानकारी ली और लापरवाही पर नाराजगी जताई.

अधिकारियों के निर्देश थे कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या का केस दर्ज किया जाए, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट से पहले ही अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रकरण कायम कर दिया.

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने थाना प्रभारी से पूछा कि जब स्पष्ट निर्देश दिए गए थे तो फिर इतनी जल्दबाजी में हत्या का मामला क्यों दर्ज किया गया. उन्होंने यह भी कहा कि यदि विस्तृत पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि नहीं होती है तो दर्ज मामले में खात्मा लगाना पड़ेगा और पुलिस को अनावश्यक कागजी कार्रवाई करनी होगी.

शरीर पर जानवरों के दांत के निशान : पीएम रिपोर्ट

बतादें, एम्स की शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में शरीर पर धारदार हथियार से वार के निशान नहीं मिले हैं . गले पर जानवरों के दांतों के निशान मिले हैं . इससे हत्या की आशंका कमजोर हुई है . अभी तक गोविंदपुरा पुलिस मृतक की पहचान नहीं कर सकी है . बिसरा जांच के लिए भेजा गया है .

फेल होने से दुखी छात्रा ने की आत्महत्या

भोपाल. शाहपुरा इलाके में एक 16 साल की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. पुलिस को मौके पर ही एक सुसाइड नोट बरामद हुआ. इसमें छात्रा के फेल होने से दुखी होने का जिक्र किया गया है. पुलिस के मुताबिक निकिता दिवारे, पारस मैजिस्टिक सिटी में रहती थी. वह 12 वीं कक्षा की छात्रा थी. निकिता के पिता चौकीदारी करते हैं. बुधवार शाम को निकिता ने घर के एक कमरे में फांसी लगा ली. परिजनों ने जब उसे फंदे पर लटकते देखा तो उतारकर इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

साइबर ठगी चूनाभट्टी इलाके में तीन बुजुर्गों से 5 लाख रुपए से ज्यादा की रकम ऐंठी

बिजली बिल अपडेट और मोबाइल हैक कर निकाले रुपए

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 13 अगस्त. चूनाभट्टी इलाके में गुरुवार को तीन सीनियर सिटीजन के साथ साइबर ठगी की वारदात हो गई. 63 साल के कर्नल हेमंत कक्कड़ ने पुलिस को बताया कि 8 अगस्त को उनके मोबाइल पर एक लिंक आई.

लिंक पर क्लिक करने पर बैंक खाते से संबंधित जानकारी दिखी. बुजुर्ग ने सभी डिटेलस भी दी. इस बाद उनके खाते से करीब 4 लाख रुपए कट गए. रामबहादुर यादव (59) निवासी दादाजी एवेन्यू का मोबाइल जालसाज ने हैक कर बैंक के बचत खाते से 74 हजार निकाल लिए. 6 अगस्त को रामबहादुर के मोबाइल में बिजली कंपनी का मैसेज दिखा, जिसमें लिखा था कि आपका पिछले माह का बिल अपडेट नहीं हुआ है. आपके घर की बिजली काट दी जाएगी. मैसेज में तुरंत बिल अपडेट ऑफिसर दीपक अग्रवाल का मोबाइल नंबर देकर संपर्क करने को कहा गया. रामबहादुर ने दिख गए नंबर पर संपर्क किया. जालसाज ने कई प्रक्रिया उनके फोन में कराते हुए पहले ऑनलाइन 12 रुपये भेजने को कहा. इसके बाद देर शाम तक फरियादी के खाते से तीन बार में रुपए खाते से जाने के मैसेज आए.

इसी इलाके के राधेश्याम फरक्या (66) निवासी सी सेक्टर शाहपुरा ने पुलिस को बताया कि 18 जुलाई को उन्होंने मोबाइल में भूलवश कोई लिंक क्लिक कर दी, जिससे उनका मोबाइल हैक हो गया. करीबन तीन दिन बाद जब वह एटीएम से पैसे निकालने गए.पैसे नहीं निकले और वह बैंक पहुंचे. बैंक से राधेश्याम को जानकारी मिली कि उनके खाते से 47 हजार रुपए किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ट्रांसफर कर लिये गए हैं.

सरकारी सहायता राशि के नाम पर 64 हजार ठगे

निशातपुरा थाना क्षेत्र में गर्भवती महिला को सरकारी सहायता राशि दिलाने का झांसा देकर साइबर ठग ने 64,725 रुपए ठग लिए . ठग ने खुद को जिला चिकित्सा अधिकारी कार्यालय का कर्मचारी बताते हुए महिला को विश्वास में लिया और उसके खाते से रुपये निकाल लिए . मिसरोद क्षेत्र के सेवानिवृत्त प्राध्यापक कैलाशचंद्र सक्सेना को बिजली कनेक्शन काटने की धमकी देकर सत्यापन के नाम पर जानकारी ली गई और उनके क्रेडिट कार्ड से 96,201 रुपये निकाल लिए गए .पिपलानी क्षेत्र में राजा राम सिंह से 1,295 रुपये, अंकित साहू से 6 हजार रुपये और पंकज कुमार से 90 हजार रुपये की ठगी हुई . स्टेशन बजरिया क्षेत्र में लखन प्रजापति को भाई के दुर्घटनाग्रस्त होने का झांसा देकर 1 .11 लाख रुपये ठग लिए गए . छोला मंदिर क्षेत्र में किसान सुरेश कुमार गौर को प्रधानमंत्री कुसुम सौर योजना का लाभ दिलाने के नाम पर 69,051 रुपये ठगे गए .

कुबेरेश्वर धाम कांवड़ यात्रा 24 अगस्त को

- कमिश्नर एवं आईजी ने किया निरीक्षण
- अधिकारियों की बैठक लेकर दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

भोपाल 13 अगस्त. आगामी 24 अगस्त को सीहोर की सीवन नदी घाट से कुबेरेश्वर धाम तक आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर भोपाल संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा एवं भोपाल रेंज पुलिस महानिरीक्षक रुचिवर्धन मिश्र ने सीहोर में कुबेरेश्वर धाम क्षेत्र का निरीक्षण किया.

साथ ही संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आयोजन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए. इस अवसर पर सीहोर कलेक्टर बालागुरू के., एसपी सोनाक्षी सक्सेना, कुबेरेश्वर धाम समिति के समीर शुक्ला एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे.

कमिश्नर एवं आईजी ने बैठक में कांवड़ यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन को लेकर की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था पूरी तरह व्यवस्थित रहे और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े.